भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2212**
उत्तर देने की तारीख 09.12.2024

**एनएमएल के तहत पुस्तकालयों का प्रचार**

**2212. श्री डी. एम. कथीर आनंद :**
**श्री गोपाल जी ठाकुर :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश में पुस्तकालयों की संख्या में वृद्धि करने के लिए उठाए गए कदमों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य सहित देश में सरकार द्वारा स्थापित अथवा स्थापित किए जाने के लिए प्रस्तावित और प्रचारित किये जाने वाले केन्द्रीय पुस्तकालयों और जिला पुस्तकालयों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) देश में पुस्तकालयों की स्थापना के लिए अब तक प्रदान की गई और व्यय की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने सरस्वती महल पुस्तकालय और चेन्नई स्थित विश्व प्रसिद्ध कोन्नीमारा पुस्तकालय भवन के विकास, जीर्णोद्धार, नवीकरण और रखरखाव के लिए निधियां आबंटित की हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ.) क्या सरकार का ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय और लालबाग, दरभंगा स्थित लक्ष्मेश्वर सिंह पुस्तकालय को केन्द्रीय राष्ट्रीय मिशन पुस्तकालय के अंतर्गत विकसित करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची के अनुसार, पुस्तकालय राज्य का विषय है और सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरणों के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करते हैं।

तथापि, देश में पुस्तकालयों की संख्या में वृद्धि करना, संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकार क्षेत्र के अधीन है।

(ख) और (ग): जैसा कि उपर्युक्त (क) में उल्लेख किया गया है, पुस्तकालयों की स्थापना करना संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अधिकार क्षेत्र के अधीन है। तथापि, संस्कृति मंत्रालय अपनी 'राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल)' स्कीम के माध्यम से 'एनएमएल मॉडल पुस्तकालय की स्थापना' घटक के अंतर्गत, संबंधित राज्य प्राधिकरण की अनुशंसा के अनुसार प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में 1 राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय और 1 जिला पुस्तकालय तथा संस्कृति मंत्रालय के अधीन 6 पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। एनएमएल स्कीम के अंतर्गत तमिलनाडु सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा **अनुलग्नक-क** पर संलग्न है।

(घ): जी, नहीं। तथापि, कृपया **अनुलग्नक-क** से देखा जा सकता है कि तमिलनाडु राज्य में जिला पुस्तकालय, तिरुचिरापल्ली और जिला पुस्तकालय, वेल्लोर को क्रमशः 68.16 लाख रुपये और 79.27 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

(ङ): ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(च): उपर्युक्त (ङ) को ध्यान में रखते हुए लागू नहीं होता।

*****

अनुलग्नक-क

**'एनएमएल के तहत पुस्तकालयों का प्रचार' के संबंध में दिनांक 9 दिसम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2212 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**क.**

**विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एनएमएल मॉडल पुस्तकालय की स्थापना के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय सहायता**

(लाख रुपये में)

| क्र. सं. | राज्य | पुस्तकालय का नाम | संस्वीकृत धनराशि | जारी की गई कुल भुगतान राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, पोर्ट ब्लेयर | 223.00 | 0.00 |
| 2 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | जिला पुस्तकालय, कार निकोबार | 87.00 | 0.00 |
| 3 | *आंध्र प्रदेश | राज्य क्षेत्रीय पुस्तकालय, गुंटूर | 50.00 | 0.00 |
| 4 | *आंध्र प्रदेश | क्षेत्रीय पुस्तकालय, राजमुंद्री | 30.00 | 0.00 |
| 5 | अरुणाचल प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, ईटानगर | 223.00 | 219.71 |
| 6 | अरुणाचल प्रदेश | जिला पुस्तकालय, पासीघाट | 87.00 | 84.90 |
| 7 | *असम | जिला पुस्तकालय, जोरहाट, असम | 40.00 | 39.99 |
| 8 | *असम | जिला पुस्तकालय, गुवाहाटी, असम | 70.00 | 69.59 |
| 9 | *बिहार | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, जमुई, बिहार | 81.41 | 62.21 |
| 10 | * बिहार | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, हाजीपुर, वैशाली | 87.00 | 50.00 |
| 11 | चंडीगढ़ | केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, चंडीगढ़ | 164.50 | 0.00 |
| 12 | चंडीगढ़ | प्रभागीय पुस्तकालय | 82.72 | 0.00 |
| 13 | छत्तीसगढ़ | जिला पुस्तकालय, रायगढ़ | 87.00 | 41.32 |
| 14 | दमन एवं दीव | जिला पुस्तकालय, दीव | 87.00 | 0.00 |
| 15 | दमन एवं दीव | केन्द्रीय पुस्तकालय, दमन | 223.00 | 0.00 |
| 16 | गोवा | डॉ. फ्रांसिस्को लुई गोम्स जिला पुस्तकालय | 87.00 | 3.38 |
| 17 | गोवा | कृष्णदास शामा राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 223.00 | 21.68 |
| 18 | गुजरात | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, गांधीनगर | 104.04 | 101.00 |
| 19 | गुजरात | राजकीय जिला पुस्तकालय, भावनगर | 87.00 | 87.00 |
| 20 | हरियाणा | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, अम्बाला छावनी | 223.00 | 122.65 |
| 21 | हरियाणा | जिला पुस्तकालय, नारनौल | 84.00 | 46.20 |
| 22 | हिमाचल प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय, बिलासपुर | 86.87 | 74.66 |
| 23 | हिमाचल प्रदेश | केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, सोलन | 223.00 | 00.00 |
| 24 | जम्मू और कश्मीर | गनी स्मारक संघ राज्य क्षेत्र केन्द्रीय पुस्तकालय, श्रीनगर | 223.00 | 100.00 |
| 25 | जम्मू और कश्मीर | जिला पुस्तकालय, सम्बा | 32.50 | 00.00 |
| 26 | झारखंड | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, धनबाद | 223.00 | 0.00 |
| 27 | झारखंड | जिला पुस्तकालय, पलामु | 87.00 | 0.00 |
| 28 | कर्नाटक | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, बैंगलोर | 223.00 | 200.00 |
| 29 | कर्नाटक | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, शिमोगा | 87.00 | 79.26 |
| 30 | केरल | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, तिरुवनंतपुरम | 116.61 | 116.61 |
| 31 | केरल | राज्य सार्वजनिक पुस्तकालय अनुसंधान केन्द्र | 37.50 | 22.55 |
| 32 | लक्षद्वीप | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, कावारत्ती | 168.00 | 00.00 |
| 33 | लक्षद्वीप | जिला पुस्तकालय, कडमत | 27.64 | 0.00 |
| 34 | मध्य प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय, खंडवा | 73.20 | 65.59 |
| 35 | मध्य प्रदेश | श्री अहिल्या राजकीय केन्द्रीय पुस्तकालय, इंदौर | 87.00 | 43.67 |
| 36 | *महाराष्ट्र | जिला पुस्तकालय, नंदूरबार, महाराष्ट्र | 21.90 | 18.43 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 37 | * महाराष्ट्र | राजकीय प्रभागीय पुस्तकालय, औरंगाबाद | 60.55 | 57.21 |
| 38 | मणिपुर | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, इम्फाल, मणिपुर | 218.87 | 45.25 |
| 39 | मणिपुर | जिला पुस्तकालय, सेनापति, मणिपुर | 85.54 | 1.00 |
| 40 | मेघालय | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, शिलांग | 223.00 | 27.77 |
| 41 | मेघालय | जिला पुस्तकालय, तुरा | 87.00 | 0.00 |
| 42 | मिजोरम | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, आइजोल, मिजोरम | 141.24 | 137.04 |
| 43 | मिजोरम | जिला पुस्तकालय, कोलासिब, मिजोरम | 50.00 | 50.00 |
| 44 | नागालैंड | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, कोहिमा | 177.49 | 175.48 |
| 45 | नागालैंड | जिला पुस्तकालय, दीमापुर | 73.81 | 69.75 |
| 46 | ओडिशा | एच.के.एम. राज्य पुस्तकालय, भुवनेश्वर | 223.00 | 133.00 |
| 47 | ओडिशा | जिला पुस्तकालय, गंजम | 40.36 | 0.00 |
| 48 | पुदुचेरी | रोमा रोलां राज्य पुस्तकालय, राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 166.47 | 142.37 |
| 49 | पुदुचेरी | डॉ. एस. आर. रंगनाथन राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय, करइकल | 76.04 | 66.17 |
| 50 | पंजाब | गुरु नानक जिला पुस्तकालय, कपूरथला | 87.00 | 0.00 |
| 51 | पंजाब | एमएम राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, पटियाला | 223.00 | 0.00 |
| 52 | राजस्थान | डॉ. राधाकृष्णन राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, जयपुर | 183.51 | 94.81 |
| 53 | राजस्थान | राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय, कोटा | 63.46 | 63.21 |
| 54 | सिक्किम | सिक्किम राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, गंगटोक | 217.20 | 65.30 |
| 55 | सिक्किम | जिला पुस्तकालय, मंगन | 86.58 | 10.78 |
| 56 | तमिलनाडु | जिला पुस्तकालय, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु | 70.00 | 68.16 |
| 57 | तमिलनाडु | जिला पुस्तकालय, वेलौर, तमिलनाडु | 87.00 | 79.27 |
| 58 | तेलंगाना | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, महबूबनगर | 52.00 | 50.00 |
| 59 | तेलंगाना | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, हैदराबाद | 112.25 | 103.72 |
| 60 | त्रिपुरा | बीरचन्द्र राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 223.00 | 222.93 |
| 61 | त्रिपुरा | उनाकोटि जिला पुस्तकालय | 87.00 | 86.92 |
| 62 | उत्तर प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, प्रयागराज | 206.00 | 203.75 |
| 63 | उत्तर प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय, इटावा | 87.00 | 85.93 |
| 64 | उत्तराखंड | राजकीय जिला पुस्तकालय, सुमन पुस्तकालय, नई टिहरी | 86.20 | 50.00 |
| 65 | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 222.81 | 219.82 |
| 66 | पश्चिम बंगाल | उत्तर बंगाल राज्य पुस्तकालय, कूचबिहार | 86.98 | 79.73 |
| | | | **7952.25** | **4059.77** |

*चूंकि आंध्र प्रदेश, असम, बिहार और महाराष्ट्र राज्यों में केंद्रीय पुस्तकालय नहीं हैं, इसलिए इन राज्यों में दो-दो जिला पुस्तकालयों की पहचान की गई है।

**ख.**

**'एनएमएल मॉडल पुस्तकालय की स्थापना' के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय के पहचान किए गए पुस्तकालयों हेतु प्रदत्त वित्तीय सहायता**

**(लाख रुपये में)**

| क्र. सं. | संस्कृति मंत्रालय के पुस्तकालय का नाम | संस्वीकृत राशि | जारी की गई कुल भुगतान राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता | 431.04 | 84.67 |
| 2 | केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार, नई दिल्ली | 207.38 | 126.28 |
| 3 | दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, नई दिल्ली | 391.37 | 274.19 |
| 4 | खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना (बिहार) | 398.78 | 199.39 |
| 5 | तंजावुर एमएसएसएम पुस्तकालय, तंजावुर (तमिलनाडु) | 715.20 | 667.48 |
| 6 | रामपुर रजा पुस्तकालय, रामपुर (उत्तर प्रदेश) | 724.20 | 0.00 |
| | **कुल** | **2867.97** | **1352.01** |

**कुल संस्वीकृत राशि (क) + (ख) = 10820.22 लाख रुपये**
**जारी की गई कुल राशि (क) + (ख) = 5411.78 लाख रुपये**

*****